बाघों का अंतर-राज्यीय स्थानांतरण

स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया

हाल ही में **मध्य प्रदेश सरकार ने** संरक्षण उद्देश्यों के लिये **15 बाघों** को मध्य प्रदेश से **राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा में स्थानांतरित करने** का निर्देश दिया है।

- इन बाघों को मध्य प्रदेश के **बांधवगढ़, पेंच और कान्हा टाइगर रिज़र्व** से स्थानांतरित किया जाएगा।
- **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA)** के अनुमोदन के बाद कुल **12 बाघिनों** एवं **3 बाघों** को स्थानांतरित किया जाएगा।
    - स्थानांतरण योजना में **छत्तीसगढ़ के लिये छह बाघिन एवं दो बाघ**, **राजस्थान के लिये चार बाघिन** एवं **ओडिशा के लिये एक बाघ तथा दो बाघिन** शामिल हैं।
- **NTCA** की **वर्ष 2022 की रिपोर्ट** के अनुसार **भारत में बाघों की सबसे अधिक संख्या मध्य प्रदेश (**जहाँ **785 बाघ हैं)** में है।
    - राज्य में **नौ टाइगर रिज़र्व हैं जिनमें शिवपुरी ज़िले में** नव अधिसूचित **माधव टाइगर रिज़र्व** भी शामिल है।
- स्थानांतरण की रणनीति के तहत बाघों की आबादी में आनुवंशिक विविधता को बढ़ाना शामिल है। इसके लिये अलग-अलग समूहों में नए बाघों को शामिल किया जाता है, जिससे अंतःप्रजनन के जोखिम में कमी आने के साथ प्रजातियों के दीर्घकालिक अस्तित्व को बनाए रखने में मदद मिलती है।
    - इका उद्देश्य मौजूदा बाघ आबादी की **आनुवंशिक विविधता** को बढ़ाना है।

[//](https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/)

और पढ़ें: [आनुवंशिक विविधता के लिये बाघों का स्थानांतरण](https://www.drishtiias.com/hindi/)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inter-state-translocation-of-tigers